# एक्सप्रेस-वे के इंटरचेंज पर बने तालाबों को बंद करने का विरोध



कोटा में एक्सप्रेस-वे के इंटरचेंज पर बने तालाबों को बंद करने का विरोध करते हुए कांग्रेस ने संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

**कोटा,** (निसं)। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस के इंटरचेंज के नजदीक बड़े-बड़े तालाब बनाए गए हैं। इन तालाबों को अब एनएचएआई बंद करवा रहा है जिसमें थर्मल प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश डाली जा रही है। इसका विरोध कांग्रेस में शुरू कर दिया है।

कांग्रेस के देहात अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसी सोमवार को संभागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत के पास पहुंचे और उन्होंने इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है। वहीं नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया का कहना है कि इन तालाबों को बंद करने के लिए ही स्थानीय लोगों ने डिमांड की थी और उन्होंने ही अभियान भी चलाया था। बीते साल दुर्घटना के चलते दो लोगों की मौत हुई थी इसलिए इनको बंद करवाया जा रहा है। कांग्रेस के देहात अध्यक्ष भानु प्रताप का कहना है कि एक्सप्रेसवे के कराड़िया इंटरचेंज पर बने हुए चारों तालाब यहां के ग्रामीणों के लिए संजीवनी बन सकते थे।

यह जल संरक्षण का एक अनूठा उदाहरण हो गए थे। इनमें पानी भरने से आसपास के इलाकों में भूमिगत जल ऊंचा उठता। एक तरफ तो भाजपा की सरकार अभियान चला रही है कि जल संरक्षण किया जाए और दूसरी तरफ एनएचएआई इस तरह से फ्लाई ऐश डलवाकर वॉटर बॉडी को खत्म कर रही है। यह पूरी तरह से पर्यावरण संरक्षण की अवहेलना है। उन्होंने छबड़ा थर्मल और एनएचएआई के टेंडर को निरस्त करने की मांग की है। यह ज्ञापन राजस्थान का मुख्यमंत्री और केंद्रीय सड़क के परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भी भेजा है।

भानु प्रताप सिंह का यह भी कहना है कि बारां जिले के छबड़ा से यह फ्लाई ऐश कोटा के कराड़िया लाई जा रही है। दोनों के बीच दूरी 130 किमी के आसपास है जबकि फ्लाई ऐश का परिवहन 50 किलोमीटर से दूर तक नहीं किया जा सकता है। साथ ही जहां पर कोटा थर्मल राख को बेच रहा है। छबड़ा थर्मल इससे विपरीत इन तालाबों को भरने के लिए पैसा लगाकर राख भेज रहा है जिससे सरकार को 50 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो रहा है। यह एक बड़ा घोटाला है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर पर मनमानी का भी आरोप लगाया है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि तालाबों पर हरियाली कर इन्हें गार्डन की तरह विकसित किया जा सकता है। इनके पानी का उपयोग एनएचएआई एक्सप्रेसवे के पेड़ों को हरा भरा रखने के लिए कर सकती है। भानु प्रताप के अनुसार यह फ्लाई ऐश भूमिगत जल के साथ खेतों तक पहुंचेगी जिससे वहां की उर्वरा शक्ति कम होगी। इसके साथ ही यह फ्लाई ऐश उड़कर भी खेतों तक जाएगी उससे आसपास के ग्रामीणों की जमीन को भी नुकसान होगा।

आसपास के व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कोटा कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि सरकार और प्रशासन ने इस मनमाने ओर नियम विरुद्ध राख से भरे जा रहे तालाबों को भरने से नहीं रोका तो 3 दिन बाद आस पास के ग्रामीणों के साथ उग्र आंदोलन कर मौके पर धरना देंगे। ज्ञापन देने वालों में सिमलिया कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अनिरुद्ध मीणा, ब्लॉक प्रतिनिधि एडवोकेट सत्यनारायण मेघवाल, मंडल अध्यक्ष जगदीश मीणा, कुंजबिहारी नागर, मंडल प्रभारी राजकुमार कोटसुवा, नवल मेघवाल, विष्णु मीणा, नेमीचंद मीणा, ग्रामीण अशोक सेन, गोविंद मरोठा, गजानंद प्रजापति, अर्पित नंदवाना, मनीष शर्मा, अशोक अखंड सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## योगेश को शोध उपाधि प्रदान की

**कोटा,** (निसं)। करियर प्वॉइंट यूनिवर्सिटी ने अकलंक कालेज ऑफ एजूकेशन, बसंत विहार, कोटा के असि. प्रोफेसर योगेश कुमार शर्मा को शोध कार्य पूर्ण करने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की। उन्होंने प्रोफेसर रीता सक्सेना के निर्देशन में "उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक भेदभाव का समाजशास्त्रीय अध्ययन" (कोटा शहर के संदर्भ में) नामक शीर्षक पर समाजशास्त्र विषय के अन्तर्गत अपना शोध कार्य पूर्ण किया।

## आईजी को ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। कोटा संभाग के बूंदी जिले के डिंडोली थाना क्षेत्र के ग्राम झालीजी का बराना में शुक्रवार को मंदिर के पुजारी मुकुट बिहारी शर्मा पर गांव के ही कुछ दबंग लोगों ने कुल्हाड़ी और हथौड़े से हमला कर दिया। हमले में मुकट बिहारी शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है मल्टीपल फ्रेक्चर है। इस प्रकरण को लेकर ब्राह्मण कल्याण परिषद ने कोटा रेंज आईजी रविदत्त गौड़ को ज्ञापन देकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। आईजी रवि दत्त गौड़ ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कुलगुरु प्रो.सारस्वत ने की राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट



कोटा विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति ने राज्यपाल से मुलाकात की है।

**कोटा,** (निसं)। कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के नवनियुक्त कुलगुरु प्रो.भगवती प्रसाद सारस्वत ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से शिष्टाचार भेंट कर कुलगुरु नियुक्त किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

प्रो.सारस्वत ने बताया कि विश्वविद्यालय पहुँच कर प्रवेश सत्र संबंधित कार्यों से लेकर, विश्वविद्यालय के आयस्रोतों को बढ़ाने, परीक्षा आयोजन एवं परिणामों का अकादमिक कैलेंडर के अनुरूप संपादन, छात्रों की समस्याओं के निवारण तथा शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्रथम प्राथमिकता रहेगी। प्रो.सारस्वत ने बताया कि राज्य सरकार ने जो उनपर जो विश्वास जताया है, वह उसपर पूर्णतया खरा उतरने का प्रयास करेंगे। प्रो. सारस्वत ने कहा कि कोटा विश्वविद्यालय का हृदय "विद्यार्थी" हैं और मेरा प्रयास विद्यार्थियों के हित में प्रत्येक सुनियोजित, परिणामजनक एवं समयबद्ध कार्यों का संपादन रहेगा। विदित हैं की प्रो.सारस्वत के पास महर्षि दयानन्द सारस्वत अकादमिक एवं प्रशासनिक दक्षता का विश्वविद्यालय, अजमेर का एक लंबा अनुभव हैं।

# भाजपा के वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की बैठक सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। भाजपा के वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के जिला शहर संयोजक एवं नगर निगम, कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी की अध्यक्षता में अभियान की बैठक सम्पन्न हुई।

अभियान के जिला शहर सहसंयोजक नन्दलाल प्रजापत ने बताया कि "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" के तहत किये जाने वाले कार्यों के सन्दर्भ में बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें सभी विधानसभा संयोजक, विधानसभा सह संयोजक एवं सभी चौदह मण्डल अध्यक्षों को वार्ड स्तर तक "वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान" चलाऐ जाने की रूप रेखा बनाई गई और कार्यक्रम को वृहद स्तर पर जोड़ने का आव्हान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधारोपण कार्यक्रम की अग्रिम तैयारी, पौधारोपण हेतु स्थान का चयन, जनता की मांग के अनुरूप पौधों का चिन्हीकरण एवं आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाऐगी। अभियान के तहत प्लास्टिक की थैलियों को बन्द कर उनके स्थान पर कपड़े की थेलियों का वितरण किया जाएगा।

विभिन्न जल स्त्रोतों (कुएं, बावड़ियां, तालाब इत्यादि) की साफ-सफाई करवाने का अभियान चलाया जाएगा। आम जनता को जल बचत हेतु जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत आमजन को तुलसी के पौधों का वितरण भी किया जाएगा। बैठक में अभियान के शहर जिला संयोजक विवेक राजवंशी ने आव्हान किया कि शहर के सभी मण्डलों एवं वार्ड स्तर पर शहर के सभी आमजन को अभियान से जोड़ा जाए। बैठक में अभियान के शहर जिला सहसंयोजक अरविन्द सिसोदिया, नन्दलाल प्रजापति, कोटा दक्षिण विधानसभा के संयोजक भानू प्रताप गौड़, सहसंयोजक संजय निझावन, कोटा उत्तर विधानसभा के संयोजक राकेश सुमन पुटरा, रमेश शर्मा, लाड़पुरा विधानसभा के संयोजक देवेन्द्र शर्मा, सहसंयोजक पंकज वात्स्य, शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह निर्भय, दिनेश सरसिया, संजय समीर सैनी, ओम शंकर सुमन, चंद्र प्रकाश महावर, लव आजाद विनय, दिनू बंजारा, पन्ना लाल बंजारा, अक्षय चौधरी, संजय त्रिपाठी, मनोज गोस्वामी, नरेन्द्र मेघवाल, मनोज तलाईचा, रामचंद्र नागर एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कोटा में भाजपा के वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के जिला शहर संयोजक एवं नगर निगम, कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी की अध्यक्षता में अभियान की बैठक सम्पन्न हुई है।

## सार-समाचार

### 7 नवीन अमृत सरोवरों का शिलान्यास

**कोटा,** (निसं)। 'वंदे गंगा' जल संरक्षण-जन अभियान के अंतर्गत सोमवार को कोटा जिले में 7 नवीन अमृत सरोवरों का शिलान्यास किया गया। इसमें इटावा ब्लॉक के करवाड़ एवं खेड़ली नौनेरा, खैराबाद ब्लॉक के सीमलहेड़ी, लाड़पुरा ब्लॉक के पदमपुरा गांव, सांगोद ब्लॉक के ढोटी तथा सुल्तानपुर ब्लॉक के पाड़सल्या एवं सीमलिया गांव में अमृत सरोवरों का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की भी भागीदारी रही। साथ ही, पूर्व में निर्मित 31 अमृत सरोवरों पर श्रमदान के माध्यम से सफाई की गई। इसके अलावा महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत जल संरक्षण से संबंधित कार्य किए गए। अभियान के तहत जिले के 776 गांवों में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसमें सरपंच एवं वार्ड पंचों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से 'सेल्फी विद् मेरा गांव मेरी नर्सरी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत तैयार की गई फलवाटिकाओं की 'फलों की प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। हरियालो राजस्थान के अंतर्गत पौधारोपण की तैयारियां की गई जिसमें गड्ढे खोदे गए। इसके साथ ही, औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी, चारागाहों का चिन्हीकरण, ग्राम के सभी जल स्रोतों की मैपिंग, साफ-सफाई एवं मरम्मत, सोख्ता गड्ढों की साफ-सफाई तथा गांवों के मुख्य मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई गई।

### धार्मिक अनुष्ठान का समापन

**छबड़ा** (निसं)। कडैयाछत्री में पिछले 6 दिनों से चल रहे धार्मिक आयोजन श्रीशिव पंच परिवार प्राण प्रतिष्ठा व श्रीराम जानकी पुनर्रप्राण प्रतिष्ठा एवं नव कुण्डीय महायज्ञ का 6 दिवसीय कार्यक्रम का समापन सोमवार को देवों के ग्राम भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा, अचल प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आचार्य पंडित कुंजबिहारी शर्मा, यज्ञ आचार्य पंडित बृजमोहन शर्मा, पुजारी सुरेश शर्मा के अनुसार ग्रामीणो के सहयोग से गांव के आस्था का केंद्र मंदिर का विगत वर्षों में नवनिर्माण किया गया। मन्दिर में पूर्व में विराजित रामजानकी की मूर्तियों का वेदोक्त रीति से यज्ञ में भगवान के निमित्त, प्रधान यजमान ओर अन्य यजमानों के साथ नव कुण्डीय यज्ञ में मंदिर में विराजित मूर्तियों का संस्कार कर सोमवार को शुभ मुहूर्त में मन्दिर में स्थापित किया गया। साथ ही मंदिर में गणपति और हनुमानजी की मूर्तियों को भी स्थान प्रदान किया गया। यहां किसी दानदाता ने शिखर कलश चढ़ाया तो किसी ने ध्वज स्थापना की तो किसी ने घण्टा, इलेक्ट्रॉनिक, आरती नगाड़ा दान किया। घडी, भगवान के चांदी के छत्र, मुकुट, कूलर, इनवर्टर, वाटर कूलर, सीसीटीवी कैमरे और पंखे, दान पात्र, डिजिटल दीवार घडी आदि आवष्यकता के सामान दानदाताओ ने दान किए। मंदिर का ग्राम के बाहर से ही दिखाई देने वाला शिखर आकर्षण का केंद्र है। गांव की युवा पीढ़ी से नियमित मंदिर दर्शन और आरती में भाग लेने का अनुरोध किया गया।

### 1205 मालगाड़ी डिब्बों की मरम्मत

**कोटा,** (निसं)। रेल कारखाना कोटा में वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है। मुख्य कारखाना प्रबंधक सुधीर सरवरिया के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो में चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम दो माह अप्रैल एवं मई में वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया है। चालू वित्तीय वर्ष के पहले दो माह में कुल 1205 वैगनों का पीओएच किया जिसमें अप्रैल 2025 में कोटा वैगन रिपेयर वर्कशॉप ने 600 एवं मई में 605 वैगनों का अनुरक्षण कार्य किया है। जोकि रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। वैगनों का पीओएच (पिरियोडीक ओवर हॉलिंग) 04 से 06 वर्ष में एक बार किया जाता है-वैगनों के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पाट्र्स की मरम्मत की जाती है, जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है, वैगन के बॉडी और ब्रेक गियर की भी मरम्मत की जाती है, जिससे परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सकें, एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगनों के दोनों ओर के सेंटर बफ़र की मरम्मत की जाती है जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी होता है, व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कोटा,** (निसं)। लाखेरी से कोटा आते समय मोटरसाईकिल सवार युवक लबान के समीप मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर फिसलने से गिरकर घायल हो गया। युवक को उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोटड़ी निवासी राहुल मीणा लाखेरी में आयोजित प्रोगाम में शामिल होने के लिये गया था मोटरसाईकिल से वापस लौटते समय लबान के समीप मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर फिसलने से गिरकर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया।

### नहर जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण

**बूंदी** (निसं)। क्षेत्रीय विकास आयुक्त सीएडी चम्बल कोटा (संभागीय आयुक्त) राजेन्द्र सिंह शेखावत ने सोमवार को बाई मुख्य नहर की नहरों के जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया। नमो नारायण मीणा अधिशासी अभियंता बाई मुख्य नहर खंड सीएडी के.पाटन ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त ने केशोरायपाटन नहर के आर.डी 15.40 कि.मी. और लबान क्षेत्र के उपखंड में मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया।

# रामगंजमंडी नगर पालिका उप चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी सुनील यादव विजयी

■ भाजपा प्रत्याशी सुनील यादव ने कांग्रेस के धनराज यादव को 93 मतों के अंतर से हराया

**रामगंजमंडी,** (निसं)। नगरपालिका उपचुनाव में भाजपा की जीत हुई है। भाजपा प्रत्याशी सुनील यादव ने कांग्रेस के धनराज यादव को 93 मतों के अंतर से हराया। वार्ड नंबर 27 में 20 साल बाद भाजपा की वापसी हुई है। वार्ड नंबर 27 के पूर्व पार्षद अमन यादव की गत दिनों सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के कारण उप चुनाव हुए हैं।

उप चुनाव में भाजपा ने सुनील यादव और कांग्रेस ने धनराज यादव को अपना अपना प्रत्याशी बनाया। चुनाव की जिम्मेदारी नगरपालिका अध्यक्ष अखलेश मेड़तवाल ने संभाली। साथ ही भाजपा जिला महामंत्री नरेन्द्र राजा व नेता प्रतिपक्ष महेन्द्र सामरिया व मंडल अध्यक्ष शैलेश काला ने भी अहम भूमिका निभाई। अखलेश मेड़तवाल के चेयरमैन बनने के बाद यह पहला चुनाव था। उधर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पवन बाबेल के कार्यकाल का भी यह पहला चुनाव था।

प्रबुद्धजनों के अनुसार यह चुनाव अखिलेश मेड़तवाल बनाम प्रहलाद गुंजल, महेन्द्र राजौरिया व पवन बाबेल होकर रह गया था। इस कारण चुनाव में कांग्रेस व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जीतने के लिए अथक प्रयास किए। जिसमें सोमवार को उपखण्ड कार्यालय में हुई मतगणना में भाजपा के सुनील यादव को 353, कांग्रेस के धनराज यादव को 260, निर्दलीय विजय यादव को 30 वोट मिले तथा नोटा में 4 मत पड़े।

परिणाम भाजपा के पक्ष में आने के बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और जुलूस के रूप में गोईन मील, मालगोदाम चौराहा होते हुए शहीद पन्नालाल यादव को माल्यार्पण किया। उसके बाद पूरे वार्ड में जुलूस निकाला। पालिकाध्यक्ष मेड़तवाल ने जीत का श्रेय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व केबिनेट मंत्री मदन दिलावर को दिया।

# नेत्रदान जागरूकता पोस्टर का विमोचन

■ 'देश का हर व्यक्ति, परिवार में नेत्रदान पर चर्चा करें'

**कोटा,** (निसं)। 10 जून को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय नेत्रदान दिवस मनाया जाता है। आमजन नेत्रदान के महत्व को समझकर, कॉर्निया की अंधता को दूर करने में सहायक बने, इस उद्देश्य को लेकर 10 जून को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय नेत्रदान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नेत्रदान के क्षेत्र में,14 वर्षों से हाड़ौती संभाग में कार्य कर रही संस्था शाईन इंडिया फाउंडेशन द्वारा, अंतरराष्ट्रीय नेत्रदान दिवस पर संभागीय आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवारी, संस्था संस्थापक डॉ. कुलवंत गौड़ एवं डॉ.हेमराज सोनी द्वारा नेत्रदान से पूर्व, दिवंगत के साथ रखने वाली सावधानी के विषय पर एक जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया।

पोस्टर का विमोचन करते हुए, नेत्रदान संकल्पित संभागीय आयुक्त शेखावत ने कहा कि, नेत्रदान का संकल्प लेना और समय आने पर नेत्रदान को संपन्न करवाना ही, सच्ची जागरूकता को दिखाता है। शाईन इंडिया फाउंडेशन ने लगातार नेत्रदान की विषय पर कार्य करके, समाज की सोच को बदलकर, नेत्रदान को परिवार में परंपरा बनाया है।

अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवारी ने भी संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, जन जागरूकता से ही सामाजिक बदलाव लाना संभव हैं। समय रहते भ्रांतियों को दूर किया जाए तो, सभी कुरीतियों को दूर किया जा सकता है।

ज्ञात हो कि, संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन वर्तमान में न सिर्फ हाड़ौती संभाग में बल्कि संभाग के बाहर के क्षेत्र जैसे रावतभाटा, इंदरगढ़, टोंक, देवली, निवाई गरोठ, बकानी जैसे क्षेत्र में नेत्रदान के कार्य को जन अभियान बना चुके हैं। शाइन इंडिया के सहयोग से वर्ष 2011 से कोटा शहर में 1034 नेत्रदान, एवं शहर के बाहर के क्षेत्र में 376 नेत्रदान प्राप्त हो चुके हैं। जिनका नि:शुल्क प्रत्यारोपण आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान जयपुर द्वारा किया जाता हैं।

## बैठक आयोजित

**बूंदी** (निसं)। जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने भू-राजस्व अधिनियम से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।


**नाम परिवर्तन**

MY NAME HAS BEEN CHANGED FROM SHABBIR TO SHABBIR BADRI SO I WOULD BE RECOGNISED BY MY NEW NAME SHABBIR BADRI WITH IMMEDIATE EFFECT
FROM :- SHABBIR BADRI S/O JUZER, SAIFEE MOHALLA NEAR DHAKAD MANDIR JHALRAPATAN DIST JHALAWAR RAJASTHAN, 326023



**कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा (राज.)**

E-Mail Id:- np.sangod@gmail.com Phone No.:-07450-294239

क्रमांक:-1371-72 दिनांक:-06.06.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण व्यक्ति/संस्था/कम्पनी धारको को सूचित किया जाता है कि राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग के परिपत्र क्रमांक प.8(ग)( )नियम/डीएलबी/17/720 दिनांक 04.01.2018 में प्रदान निर्देशो के अनुक्रम में राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धाराओ में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नगर पालिका सांगोद (तम्बाकू उत्पादो की बिक्री हेतु लाईसेंस शुल्क का निर्धारण विनियम और नियत्रंण) अनुज्ञप्ति शुल्क नियम 2025 प्रस्तावित करती है। जिसकी प्रति कार्यालय उपखण्ड अधिकारी सांगोद, पंचायत समिति सांगोद तथा नगर पालिका सांगोद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है तथा अवलोकन हेतु एक प्रति नगर पालिका सांगोद कार्यालय के कमरा नं0 03 में उपलब्ध रहेगी।

जिस किसी को भी नगर पालिका सांगोद (तम्बाकू उत्पादो की बिक्री हेतु लाईसेंस शुल्क का निर्धारण विनियम और नियत्रंण) अनुज्ञप्ति शुल्क नियम 2025 से संबंधित आपत्ति/सुझाव हो तो अन्दर सात योम में प्रस्तुत करे अन्य बाद गुजरने मियाद अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

सूचित हो।

राज.संवाद/सी/25/3809 **अधिशाषी अधिकारी**



**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/135 विज्ञप्ति दिनांक:-9.6.25

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की आरोग्य नगर व्यावसायिक योजना में व्यावसायिक कम आवासीय भूखण्ड संख्या सीआर-52 को आवंटन पत्र क्रमांक 55 दिनांक 11.09.2023 को श्री अनुराग गोयल पुत्र श्री अनिल कुमार गोयल को आवंटन किया गया था। उक्त भूखण्ड की रजिस्ट्री जर्ये मुख्तारआम श्रीमती प्रथा विजय पत्नी श्री सी.पी. विजयवर्गीय द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि इस रजिस्ट्री में किसी को कोई एतराज या आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या सीआर-52 योजना आरोग्य नगर व्यावसायिक योजना में व्यावसायिक कम आवासीय की रजिस्ट्री श्री अनुराग गोयल पुत्र श्री अनिल कुमार गोयल जर्ये मुख्तारआम श्रीमती प्रथा विजय पत्नी श्री सी.पी. विजयवर्गीय के नाम जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**



**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**


क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/436 विज्ञप्ति दिनांक:-9.6.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालिता में स्थित कृषि भूमि योजना बजाज नगर भूखंड संख्या 331 खसरा नं. 181 आवेदक/आवेदिका श्री राजू लाल मीना पुत्र श्री विजय लाल मीना निवासी धुवाला, पोस्ट धुवाला तहसील जहाजपुर जिला भीलवाड़ा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 1917 दिनांक 21.02.2014 को श्री शब्बीर अहमद पुत्र श्री मोहम्मद इशाक के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 08.03.2015 को श्री हितेश अम्बवानी पुत्र श्री हीरालाल को किया गया। जिसका नाम हस्तांतरण आदेश क्रमांक 358 दिनांक 20.10.2015 को जारी किया गया। हितेश अम्बवानी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 21.12.2022 को जर्ये मुख्तारआम यशपाल पेशवानी पुत्र श्री रामचन्द्र पेशवानी द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री राजू लाल मीना पुत्र श्री विजय लाल मीना के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**


# सुरेन्द्र मेवाड़ा हत्याकांड के मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग



कलाल समाज के द्वारा आईजी को ज्ञापन सौंपा गया है।

**कोटा,** (निसं)। सुरेन्द्र मेवाड़ा हत्याकांड को लेकर सोमवार को हैहय कलाल संस्थान (सभा) कोटा द्वारा कलाल समाज के अध्यक्ष विकास मेवाड़ा एवं पूर्व अध्यक्ष सत्य प्रकाश मेवाड़ा के नेतृत्व में पुलिस महानिरीक्षक कोटा रैंज को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और घटना में लिप्त मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। विकास मेवाड़ा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जिन आरोपियों को पकड़ा है वह आराम से बैठे हैं जबकी हत्या के जुर्म में पकड़े" गए अपराधियों का सार्वजनिक जुलूस निकाला जाना चाहिए।

पुलिस छोटी सी घटना के आरोपियों को पकड़कर उन्हें कड़ी सजा देती है, रिमांड लेती है, लेकिन सुरेन्द्र हत्याकांड के आरोपियों को आराम से बैठा रखा है। पूर्व अध्यक्ष सत्तू मेवाड़ा ने बताया कि सन 1995 से लेकर 2019 सरपंच चुनाव तक सभी चुनावों में एक स्वच्छ छवि होने के कारण गांव की जनता ने उनके पक्ष में रहकर स्वच्छ छवि के सरपंच बनाए। जहा मंडावर क्षेत्र में भाजपा बहुत कमजोर थी रात दिन मेम्बर से लेकर सांसद चुनाव तक हर चुनाव में पार्टी को एक मजबूत स्तम्भ दिया, मंडावर बेल्ट से भाजपा को कभी पीछे नहीं रहने दिया। हाल ही में राज्य सरकार ने उन्हें उचित मूल्य दुकान आवंटन समिति का गैर सरकारी सदस्य मनोनीत किया जो कि एक मजबूत व स्वच्छ छवि के कार्यकर्ता को ही मिलता है।

सुरेन्द्र मेवाड़ा की छवि को भी धूमिल करने का आरोप लगाया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। 2012 से लेकर अभी तक सुरेन्द्र मेवाड़ा व उनके किसी परिवारजन पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं है। सत्तू चौधरी हत्याकांड में भी उनको गलत तरीके से फंसाया गया था उनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं थे। पकड़े" गए पांचों आरोपियों पर विभिन्न थानों में अलग-अलग धाराओं जैसे लूटपाट, चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट जैसे कई मामले दर्ज है फिर भी उनके ऊपर किसी तरह की कोई सख्तीपूर्ण कार्यवाही नहीं की गई।

हमारी पूरी समाज व परिवार भाजपा समर्थित है, हम सिर्फ इस हत्याकांड के प्लानर के जो अभियुक्त है उनकी गिरफ्तारी हो व दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। कार्रवाई नहीं होने से समाज में गहरा आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

ज्ञापन देने के दौरान कलाल समाज के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण मेवाड़ा, युवा मंडल संरक्षक चेतन पारेता, दिनेश मेवाड़ा, मोनू मेवाड़ा, एडवोकेट मीडिया प्रभारी दीपेश पारेता सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।